# संशोधित अनुमान 2008-2009

वर्ष 2008-09 के लिए व्यय के संशोधित अनुमानों में बजट अनुमानों की तुलना में 1,50,069 करोड़ रुपए की निवल वृद्धि दर्शायी गई है। आयोजना व्यय में 39,571 करोड़ रुपए की वृद्धि देखी गई है, वहीं आयोजना-भिन्न व्यय में 1,10,498 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। जिन प्रमुख मदों में घट-बढ़ हुई, है उन्हें नीचे दर्शाया गया है :-

(करोड़ रुपए)

| | | बजट 2008-09 | संशोधित 2008-09 | घट-बढ़ बचत(-)/ आधिक्य(+) |
|---|---|---|---|---|
| **आयोजना-भिन्न** | | | | |
| 1. | उर्वरकों पर सब्सिडी | 30986 | 75849 | (+) 44863 |
| 2. | सामाजिक सुरक्षा और कल्याण - किसानों के लिए ऋण माफी और ऋण राहत योजना | 695 | 15769 | (+) 15074 |
| 3. | खाद्य सब्सिडी | 32667 | 43627 | (+) 10960 |
| 4. | रक्षा व्यय | 105600 | 114600 | (+) 9000 |
| 5. | पेंशन | 25085 | 32690 | (+) 7605 |
| 6. | पुलिस | 15562 | 20711 | (+) 5149 |
| 7. | आयोजना-भिन्न पूंजी परिव्यय | 10567 | 13694 | (+) 3127 |
| 8. | डाक संबंधी घाटा | 958 | 3825 | (+) 2867 |
| 9. | ब्याज संदाय और ऋण शोधन | 190807 | 192694 | (+) 1887 |
| 10. | शिक्षा | 4245 | 5925 | (+) 1680 |
| 11. | राज्यों को आयोजना भिन्न अनुदान | 42495 | 37255 | (-) 5240 |
| 12. | अन्य आयोजना भिन्न व्यय | 47831 | 61357 | (+) 13526 |
| **जोड़ (आयोजना-भिन्न) व्यय** | | **507498** | **617996** | **(+) 110498** |
| **आयोजना** | | | | |
| 1. | केन्द्रीय आयोजना | 179954 | 204129 | (+) 24175 |
| 2. | राज्य और संघ राज्य क्षेत्र की आयोजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता | 63432 | 78828 | (+) 15396 |
| **जोड़ (आयोजना) व्यय** | | **243386** | **282957** | **(+) 39571** |

**आयोजना-भिन्न**

1. यह वृद्धि मुख्यता देशी, आयातित और अनियंत्रित उर्वरकों की अधिक आर्थिक लागत के कारण है।
2. किसानों की ऋण माफी और ऋण राहत योजना के एवज़ में ऋणदाती संस्थाओं को भुगतान के कारण।
3. मुख्यतयः न्यूनतम समर्थन मूल्य, ढुलाई लागत आदि में वृद्धि होने के कारण है।
4. यह वृद्धि मुख्यतः छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू करने के कारण हुई।
5. यह वृद्धि मुख्यतः छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू करने के कारण हुई।
6. यह वृद्धि मुख्यतः छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू करने के कारण हुई।
7. मुख्यतः अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में निवेश, प्रतिभूति उन्मोचन निधि में अंशदान और गेल एवं एनएमडीसी द्वारा बोनस शेयरों के निर्गम के कारण है।
8. यह वृद्धि मुख्यतः छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू करने के कारण हुई।
9. यह बाजार ऋणों पर अधिक ब्याज की व्यवस्था, बाजार स्थिरीकरण योजना के तहत ब्याज अदायगी में बचत को ध्यान में रखने के बाद राजकोषीय हुंडियों में बट्टा डालने के कारण है।
10. यह वृद्धि मुख्यतः छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू करने के कारण हुई।
11. समग्र तौर पर यह कटौती संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत अनुदानों के लिए कम व्यय के निवल प्रभाव के कारण हुई है।
12. यह वृद्धि मुख्यतः छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू करने के कारण हुई।

**आयोजना**

1. यह समग्र बढ़ोतरी, ग्रामीण विकास, परमाणु ऊर्जा, दूरसंचार, विद्युत, कपड़ा, शहरी विकास, युवा मामले और खेल तथा रेलवे में बढ़ोत्तरी का निवल प्रभाव और गृह, मानव संसाधन विकास, अल्पसंख्यक मामले, योजना, पोत परिवहन, अंतरिक्ष, उर्वरक, कोयला, डाक, सूचना और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान, विदेश, आयुष और भारी उद्योग के तहत की गई कमी के कारण है।
2. यह वृद्धि मुख्यता विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं, त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम और अन्य जल संसाधन कार्यक्रम, सड़कों और पुल, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन, सुनामी पुनर्वास कार्यक्रम के लिए अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता और अन्य परियोजनाओं के सम्बन्ध में अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के कारण है।